Greenlawns School - Worli

Final Examination - 2016

कक्षा :- पाँचवीं | पूर्णांक :- 80

विषय :- हिंदी भाषा

दिनांक :- 18-02-16 | समय :- 2 घण्टे

सूचना :- 1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

विभाग - अ (अंक - ४०)

भाषा - विभाग

प्रश्न 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए :- (10)

i. गणतंत्र दिवस

ii. विज्ञान के चमत्कार

iii. समुद्र किनारे बिताई गई एक शाम का वर्णन

प्रश्न 2) नीचे दिए गए मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए और अंत में उससे मिलनेवाली सीख तथा उसका शीर्षक भी लिखिए :- (7)

गर्मी के दिन ..... एक बारहसिंगे का झरने पर पानी पीने आना ..... जल में अपनी परछाईं देखना ..... अपनी टाँगों के भद्देपन की चर्चा करना ..... तभी शिकारी की आवाज सुनाई देना ..... जान बचाने के लिए भागना ..... भागते - भागते सींगों का झाड़ी में फँस जाना ..... बहुत मुश्किल से झाड़ी से सींग को निकालना ..... शिकारी का पास आना ..... टाँगों की सहायता से छलांग लगाकर सुरक्षित जगह पर पहुँचना ..... अंत में टाँगों की मदद और मुसीबत में डालनेवाली सुंदर सींगों के बारे में सोचना । सीख ।

प्रश्न 3) नीचे लिखे गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो :- (8)

मेरे प्यारे बच्चों ,

तुम सब मुझे अच्छी तरह से जानते हो। कविताओं और कहानियों में तुमने मेरे बारे में जरूर पढ़ा होगा।

लोग प्यार से, आदर से, मुझे धरती माता कहते हैं। सदियों से मैंने माँ की तरह उनका पालन-पोषण किया है। लोगों को मैंने क्या-क्या नहीं दिया? अनाज दिया, फल दिए, मकान बनाने के लिए लकड़ी दी, वस्त्र बनाने के लिए कपास दी।

लेकिन ये लोग बड़े कृतघ्न होते जा रहे हैं। ये मेरे जंगल नष्ट कर रहे हैं। मोटर-गाड़ियों के धुएँ से मेरी हवा विषैली बना रहे हैं। कल कारखानों से गंदा पानी छोड़कर मेरी नदियाँ मैली कर रहे हैं। इनको पता नहीं कि ऐसा गैर-जिम्मेवार बर्ताव करके वे अपने पाँवों पर आप कुल्हाड़ी मार रहे हैं।

अब मेरी उम्मीदें तुम जैसे बच्चों पर हैं। जब तुम बड़े बनोगें, अच्छी तरह मेरी देखभाल करोगें। पेड़-पौधे लगाकर तुम्हारी धरती माता को फिर से हरी-भरी बनाओगें।

ख्याल करो। पेड़-पौधे होंगे, चारों ओर हरा-भरा होगा, तो हवा शुद्ध रहेगी। आवश्यक मात्रा में बारिश होगी। फसलें अच्छी होंगी। सभी ओर खुशहाली होगी। लेकिन यह संतुलन एक बार बिगड़ गया तो सारा देश एक भयानक रेगिस्तान होगा।

अब चुनाव तुम्हारे हाथ में है।

तुम्हारी प्यारी,

धरती माता

प्रश्न :-

i. यह पत्र किसने, किसको लिखा है? (1)

ii. लोग धरती को माता क्यों कहते हैं? लोगों के भले के लिए धरती माता ने क्या-क्या किया? (2)

iii. धरतीमाता के प्रति लोग गैर - जिम्मेवार और कृतघ्न हैं -- यह कैसे पता चलता है ? (2)

iv. धरती माँ अपने बच्चों से क्या आशा करती हैं ? (1)

v. हमें प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए क्या उपाय करने चाहिए और क्यों ? (2)

व्याकरण - विभाग

प्रश्न 4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i. निम्नलिखित शब्दों के दो पर्यायवाची शब्द लिखो :- (2)

1. यमुना   2. हिमालय

ii. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो :- (2)

1. उपस्थित   2. आदान
3. दयालु   4. उत्तीर्ण

iii. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो :- (2)

1. ईश्वर को माननेवाला -
2. कपड़े बुननेवाला -
3. लकड़ी की चीजें बनानेवाला -
4. हलवा व मिठाई बनानेवाला -

iv. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग करो :- (कोई दो) (3)

1. नौ-दो ग्यारह होना -   2. भीगी बिल्ली बनना -
3. पापड़ बेलना -

v. निम्नलिखित वाक्यों से विशेषण शब्द पहचानकर उसके भेद लिखिए :- (3)

i. इस डिब्बे में दो लीटर तेल है ।

उलटकर देखिए

ii. सारथी बहुत परिश्रमी और तेजस्वी बालक है ।

iii. राजस्थान के उस जंगल में दो ही बाघ बचे हैं ।

vi. निम्नलिखित वाक्यों के काल पहचानकर उसके भेद लिखिए :- (3)

i. चोर गहने चुरा कर भाग गया था ।

ii. एक लकड़हारा नदी के किनारे लकड़ी काट रहा है ।

iii. बच्चे पढ़ - लिखकर भारत का नाम विश्व में रोशन करेंगे ।

विभाग - ब (अंक - ४०)

साहित्य - विभाग

प्रश्न 5) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (12)

i. पंडित परमसुख का शारीरिक वर्णन कीजिए ।

ii. मालवजी शिवाजी का वध क्यों करना चाहता था ?

iii. लुई ब्रेल का परिचय देते हुए रात्रि - लेखन विधि का निर्माण किसने व क्यों किया ?

iv. " सामाजिक वानिकी " कार्यक्रम का संक्षिप्त परिचय दो ।

प्रश्न 6) अ) नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखो :- (4)

i. विश्व में प्रथम अंध विद्यालय की स्थापना किसने की ?

ii. मालवजी ने क्या प्रतिज्ञा की ?

iii. पुराणों में वृक्षों को काटने के लिए मना क्यों किया गया है ?

iv. वृक्षों के द्वारा पानी का तेज़ बहाव रुक जाने से क्या होता है ?

ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :- (4)

i. यह ब्रेल लिपि ही थी जिसने .... जैसी दृष्टीहीन व मूक - बधिर के जीवन को ज्ञान का अथाह सागर सौंपा ।

ii. महाराज ! यह उसकी .... और .... का फल है ।

iii. भारत सरकार द्वारा अपनाई गई वन - नीति के अनुसार देश के .... भू - भाग में वन आवश्यक है ।

iv. मोल - तोल शुरु हुआ और मामला .... सोने की बिल्ली पर ठीक हो गया ।

क) निम्नलिखित वाक्य किसने, किससे कहा :- (4)

i. " वही कोई उपाय बताएँगे । "

ii. " स्वामी की रक्षा करना मेरा कर्तव्यं है । "

iii. " एक न एक दिन तो मरना ही है । "

iv. " यह तो घोर नरक का विधान है । "

ड) शब्दार्थ लिखो :- (4)

1. प्रकाश - पुंज
2. कुलभूषण
3. उद्धार
4. मुग्ध
5. स्त्रोत
6. विभूति
7. मिसरानी
8. विधान

कविता - विभाग

प्रश्न 7) अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (6)

i. कवि ने चेतक के किन - किन गुणों का वर्णन किया हैं ? (2)

ii. कुत्ते ने लोमड़ी को अंत में घटना का क्या स्पष्टीकरण दिया ? (2)

iii. खरहा कहाँ रहता था ? (1)

iv. ' जीवन का भेद ' इस कविता के कवि का नाम लिखिए । (1)

ब) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :- (4)

गिरता ....

....

....

.... जाता था ।

क) शब्दार्थ लिखो - (2)

1. करवाल 2. निषंग

3. कौशल 4. पाला

------------------ समाप्त ------------------